सं ई 11021/1/2023-हिंदी

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

(राजभाषा अनुभाग)

श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 15 सितंबर, 2026

कार्यालय-ज्ञापन

विषय: हिंदी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव महोदय के संदेश के संबंध में।

उपरोक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 08.09.2026 के का.ज्ञा. सं ई-11016/1/2025-हिंदी (प्रति संलग्न) के साथ प्राप्त हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर मंत्रीमंडल सचिव महोदय के संदेश की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाती है।

(संगीता टी.)

सहायक निदेशक (रा.भा.)

दूरभाष: 23310408

सेवा में,

1. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी।
2. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय/संगठन।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
2. आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव।
3. संयुक्त सचिव (प्रशा.) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव।

OFFICE OF JS (Admn.), GW & CVO
Dy. No. 371
Dated. 15/09/26

सं.ई-11016/1/2025-हिंदी
भारत सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय
*****

सेवा तीर्थ, नई दिल्ली
दिनांक: 08 सितम्बर, 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषयः 14 सितम्बर, हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्रिमंडल सचिव का संदेश।

प्रतिवर्ष 14 सितम्बर, हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्रिमंडल सचिव का संदेश भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों में परिचालित किया जाता है। हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर, माननीय मंत्रिमंडल सचिव के संदेश की एक प्रति लिपि आपके मंत्रालय/विभाग में परिचालित करवाने के अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है।

JS(A) 14/9.

(आशीष मल्होत्रा)
09/09/26
निदेशक
दूरभाष: 23018467

अनुलग्नक: यथोक्त।

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।

DD(OL)

डॉ. टी.वी. सोमनाथन
Dr. T.V. Somanathan

सत्यमेव जयते

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

"हिंदी दिवस 2026" के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ!

भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता दी थी। भारत के संविधान के लागू होने के साथ ही, हिंदी केंद्र सरकार के कार्यालयों में कामकाज की आधिकारिक भाषा, अर्थात राजभाषा बन गई।

भाषा न केवल विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम होती है, अपितु सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीक भी होती है। हिंदी दुनिया की सबसे वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है और यह संवाद की सहजता व सरलता की अपनी खूबी से देश के बड़े हिस्से को आपस में जोड़ती है। इसलिए, मेरा यह मानना है कि "हिंदी दिवस" का उद्देश्य केवल एक दिन का उत्सव मनाना नहीं है, अपितु इससे प्रेरित और प्रोत्साहित होकर हिंदी को अपने दैनिक सरकारी कामकाज में सदैव के लिए अपनाना है।

भाषा के क्षेत्र में आए दिन नये प्रयोग हो रहे हैं। इन सफल प्रयोगों और नई तकनीकों से अब कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भी हिंदी में काम करना आसान हो गया है। मैं आशा करता हूँ कि आप सभी अपने कार्यालयों में हिंदी में काम करने में गौरव का अनुभव करेंगे।

शुभकामनाओं के साथ !

शुभेच्छु

सोमनाथन

14 सितम्बर, 2026

(डॉ. टी. वी. सोमनाथन)

Cabinet Secretariat, Seva Teerth, Motilal Nehru Marg, New Delhi-110011
Tel.: 011-23016696, 23011241 Fax : 011-23018638 E-mail : cabinetsy@nic.in